महत्वपूर्ण एवं खास

दादा की हत्या करने वाले पोते को आजीवन कारावास, दो साल पहले वारदात को दिया था अंजाम

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके के सीमानगर में सवा दो साल पहले लोहे के खुरपा से हमला कर दादा खोबो तुलसी मोंगराज की हत्या करने वाले आरोपित पोते श्रीपति मोंगराज उर्फ डॉक्टर (26) को कोर्ट ने आजीवन कारावास के साथ एक हजार अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक राजेंद्र जैन ने बताया कि 10 मार्च 2022 की रात 7.30 बजे सीमानगर, तेलीबांधा में रिक्शा चालक खोबो तुलसी मोंगराज परिवार में आयोजित शादी पार्टी के दौरान खाने-पीने की बात को लेकर आरोपित पोते श्रीपति मोंगराज उर्फ डॉक्टर का विवाद हो गया था। गुस्से में आकर उसने लोहे का खुरपा से अपने दादा खोबो तुलसी मोंगराज के सिर व जबड़े में जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। बाद में इलाज के दौरान तुलसी मोंगराज की मौत हो गई थी। तेलीबांधा थाना पुलिस ने मामले में हत्या का केस दर्जकर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रकरण का आरोप पत्र सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन की कोर्ट में पेश किया गया। न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस की ओर से पेश किए गए ठोस सुबूत और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपित को दोषी ठहराते हुए 302 में आजीवन सश्रम कारावास, एक हजार रूपये अर्थदंड और धारा 325 में तीन वर्ष सश्रम कारावास के साथ पांच सौ रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर आरोपित को दो माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतनी होगी।

वाट्सएप स्टेटस देख मारा चाकू

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। वाट्सएप स्टेटस लगाने को लेकर ट्रक के हेल्पर ने अपने साथी की पिटाई कर दी, साथ ही उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल हेल्पर ने इलाज के बाद घटना की शिकायत तारबाहर थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। गतौरा में रहने वाले अनिमेश जगत ट्रक में हेल्परी का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गुरुवार को वे पंधी स्थित राइस मिल से चावल लेकर तारबाहर एफसीआइ गोदाम आए। दूसरे दिन करीब तीन बजे वे चावल खाली कर ट्रक को तारबाहर पुराना आइल डिपो के पास ले आए। यहां पर ट्रक खड़े कर ड्राइवर देवप्रसाद नवरंग अपने घर चला गया। हेल्पर ट्रक में ही सो रहा था। रात करीब तीन बजे दूसरे ट्रक का हेल्पर करण राज उसके पास आया। उसने कुछ दिन पहले लगाए वाट्सएप स्टेटस को लेकर अनिमेश से गाली-गलौज की, साथ ही उनके पेट में नुकीले हथियार से मार दिया। हमले में घायल हेल्पर ने घटना की जानकारी ड्राइवर को देकर जिला अस्पताल में इलाज कराया। इसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत तारबाहर थाने में की है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

कोरबा में पकड़ी गई मध्यप्रदेश की शराब

कोरबा (आरएनएस)। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बख्शी के मार्गदर्शन में आज दिनांक 29/06/2024 को *डॉ सुकांत पांडेय आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर NH130 बिलासपुर अंबिकापुर हाईवे में चकचकावा पहाड़ी थाना कटघोरा के पास घेराबंदी कर अनुपपुर से चोटिया पसान रास्ते से आ रही वाहन बोलेरो क्रमांक 4549 को रोका गया।वाहन में नवीन शिवहरे एवम् मनोज खटिक उपस्थित मिले,वाहन की तलाशी लिए जाने पर 6 पेटी सिग्नेचर,5 पेटी मैकडॉवेल्स 1 पाव,5 पेटी रॉयल स्टेज पाव,03 पेटी ब्लेंडर प्राइड पाव कुल 164.16 बल्क ली मदिरा बरामद की गयी।आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क),34(2),36,59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों जेल दाखिल करने की कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक डॉ सुकान्त पांडेय,आशीष उप्पल आबकारी मुख्य आरक्षक अजय तिवारी नगर सैनिक राजेश दुबे,प्रजेश सिंह एवम् अंबिका का सराहनीय योगदान रहा.

दिव्यांगों के लिए हर संभव मदद की जाएगी : मुख्यमंत्री साय

❒ नारायण सेवा संस्थान के शिविर में 750 दिव्यांगों को लगे नारायण लिम्ब

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज यहां जैन दादा बाडी एमजी रोड में नारायण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित विशाल नि:शुल्क नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर में शामिल हुए। संस्थान ने इस शिविर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के रायपुर तथा विभिन्न जिलों से आए 750 से ज्यादा दिव्यांगों को अपर-लोवर लिंब और केलिपर्स लगाकर उनकी रुकी जिंदगी को फिर से शुरू कर दी। इन दिव्यांगों और परिजनों की खुशी हर किसी के मन को छूने वाली थी। आज एक ही दिन में एक ही जगह पर 750 से ज्यादा दिव्यांग नारायण लिम्ब पहनकर मुस्कुराते हुए चले। जो वर्षों पहले किसी दुर्घटना में अपने हाथ-पैर गंवाने से चलने-फिरने में असमर्थ हो चुके थे। जिसके चलते इनकी जिंदगी रुक सी गई थी। इन्हें आज लोवर लिंब, अपर लिंब, मल्टिपल लिंब और केलिपर्स लगाए गए।

शिविर का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू और अनुज शर्मा, दिव्यांगों, उनके परिजनों सहित कई सम्मानीय दानी जन मौजूद थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान से चलकर छत्तीसगढ़ के दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आयी इस संस्थान की भावना का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने संस्थान के संस्थापक कैलाश जी मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का इस भव्य मानव यज्ञ के लिए आभार प्रकट करते हुए राज्य सरकार की ओर से संस्थान को दिव्यांगों के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्थान द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा से सत्कार किया गया। संस्थान के प्रतिनिधियों द्वारा मानवता की सेवा के अपनी 39 वर्षीय यात्रा की जानकारी देते हुए आगामी 5 वर्ष का विजन प्रस्तुत किया गया। संस्थान द्वारा बताया गया कि हमने दिव्यांगजनों को उनके घरों के पास ही लाभान्वित करने की सोच को साकार करते हुए 7 अप्रैल को रायपुर में कैंप लगाया था। आज उन्हें जरूरी उपकरण मुख्यमंत्री जी के हाथों उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नारायण सेवा संस्था के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने संकल्प रखा की वे आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ के दिव्यांगों को लाभान्वित करने के लिए रायपुर में केंद्र संचालित करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नारायण सेवा संस्थान द्वारा केंद्र स्थापना के लिए उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के रायपुर तथा विभिन्न जिले से आए दिव्यांगों जिनके कृत्रिम हाथ पैर लगे उनसे मिलकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। शिविर में स्थानीय संगठन भगवान महावीर जन्म कल्याणक, ऋषभदेव मन्दिर, दादाबाड़ी रायपुर, भारतीय जैन संगठना, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, जय आनन्द युवा संघ, रायपुर केरला समाजम, आरोग्य हॉस्पिटल शंकरनगर, राज चायपत्ती, राज इंटरप्राइजेज, श्याम सेवाधारी महिला समिति, सत्यनारायण धर्मशाला, महिला पतंजली योग समिति, छत्तीसगढ़ प्रान्तीय महिला अग्रवाल संगठन, मानव सेवा मंगल भवन, छत्तीसगढ़ गोंड समाज कल्याण समिति, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, अग्रवाल सभा, छत्तीसगढ़ सर्व नाई समाज, मां खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट, राणाजी वेलफेयर फाउंडेशन, मंगलमय, अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़, नवसृजन मंच छत्तीसगढ़, वसुधैव कुटुंबकम, सार्थक क्रिएटिव ऑर्गनाइजेशन, छत्तीसगढ प्रदेश स्वास्थ्य नर्सिंग संगठन, स्पर्श एक कोशिश वेलफेयर फाउंडेशन, राम जी की सेना, ऊँ मण्डली, मणिकार्णिका विंग शिविर में शामिल हुए।

इस अवसर पर शिविर की रिपोर्ट में बताया गया कि आज एक ही दिन में एक ही जगह पर 750 से ज्यादा दिव्यांग नारायण लिम्ब पहनकर मुस्कुराते हुए चले। जो वर्षों पहले किसी दुर्घटना में अपने हाथ-पैर गंवाने से चलने-फिरने में असमर्थ हो चुके थे। जिसके चलते इनकी जिंदगी रुक सी गई थी। इन्हें आज लोवर लिंब, अपर लिंब, मल्टिपल लिंब और केलिपर्स लगाए गए। संस्थान की 80 जनों की टीम ने सेवाएं दी। समारोह में वॉलिंटर ने निशुल्क सेवाएं दी जिन्हें संस्थान ने प्रमाण पत्र दिये।

सेवानिवृत पर बीईओ कार्यालय बरमकेला ने जारी किया 6 शिक्षकों का पीपीओ

❒ मई में भी 5 शिक्षकों का सेवानिवृत पर जारी किया गया था पीपीओ

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर बरमकेला विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा लगातार दूसरे माह जून में भी 6 शिक्षकों को सेवानिवृत होने पर उनका पेंशन भुगतान का आदेश पत्र (पीपीओ) जारी किया गया है। विगत माह मई में 5 शिक्षकों को पीपीओ जारी किया गया था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बरमकेला और शाखा प्रभारी ने सकारात्मक और सार्थक प्रयास करते हुए सेवानिवृत्ति तिथि के दो दिवस पूर्व छ कर्मचारियों का पीपीओ जारी करवा कर एक पारदर्शी पहल किया है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र जांगड़े ने बताया कि 30 जून को अधिवार्षिकी पूर्ण करने वाले छः प्रधान पाठकों क्रमश ब्रजमोहन नायक,टीकाराम नायक,भुवनेश्वर प्रधान, नोहन सिंह पटेल हेमलाल और कंवल सिंह नायक को उनके पेंशन सहित अन्य स्वत्वों की भुगतान समय सीमा में हो इसके लिए पीपीओ जारी किया गया है। शाखा प्रभारी प्रदीप पटेल ने इस संबंध मे बताया कि पेंशन का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी वाला कार्य है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सभी प्रकार की भुगतान तय सीमा मे हो, इसके लिए दो तीन माह पहले से कार्य प्रारंभ करना पड़ता है। सभी जानकारी को गहनता एवम सूक्ष्मता से परीक्षण किया जाकर वरिष्ठ कार्यालय एवम ट्रेजरी भेजा जाता है। जहां तमाम जानकारी और बिलों की क्रॉस वेरीफिकेशन होने के बाद पीपीओ जारी किया जाता है। प्रदीप पटेल ने आगे बताया कि सेवानिवृत तिथि से दो दिन पूर्व छ प्रधान पाठकों का पीपीओ जारी होना विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की पारदर्शी पहल और कार्यों के प्रति जवाबदेही को दर्शाता है। निःसंदेह सेवानिवृति तिथि से दो दिवस पीपीओ जारी होना बीईओ और शाखा प्रभारी प्रदीप पटेल की सजगता और संवेदनशीलता को दर्शाता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बरमकेला का यह प्रयास कार्यालय की विश्वसनीयता और शिक्षकों की विभागीय कार्यों को समय सीमा मे पूर्ण करने की प्रतिबद्धता को इंगित करता है। समय पूर्व पीपीओ जारी होना शाखा प्रभारी प्रदीप पटेल की सजगता और सार्थक प्रयास का ही परिणाम है।

सभी विभाग को सेवानिवृत पर पीपीओ जारी करने की जरुरत- एक लंबी सेवा अवधि के उपरांत अधिवार्षिकी पूर्ण (सेवानिवृत) करने वाले अधिकारी,कर्मचारियों का समाज, देश और प्रदेश के समग्र विकास में अपना अमूल्य योगदान देते हैं। उन्हे मिलने वाली पेंशन उनके द्वारा प्रदेश और समाज के विकास और कल्याण के लिए किए गए सकारात्मक और सार्थक कार्यों का प्रतिफल है। विषम परिस्थितियों मे भी कर्तव्यनिष्ठ होकर अपनी दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करते हुए विकास के मार्ग को प्रशस्त करने वाले ऐसे सेवानिवृत होने वाले अधिकारी कर्मचारियों को बिना किसी परेशानी के विभाग के तमाम स्वत्वो का भुगतान समयानुसार हो, यह सभी विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए।

कन्हर नदी में अचानक आया उफान, युवक बहते बहते बचा

रामानुजगंज | आरएनएस

कन्हर नदी उफान पर है, जिससे एनीकट से लोगों का आना-जाना बंद हो गया इसी बीच शाम को 5:30 बजे के करीब एक युवक मस्ती में हाथ में मोबाइल देखते हुए एनीकट से जब झारखंड की ओर से छत्तीसगढ़ की ओर आने लगा तो दोनों ओर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई सबकी सांस रुक गई। सैकड़ो लोग वीडियो बनाने लगे व चिल्लाने लगे सबको लगने लगा कि वह वह बह जायगा परंतु वह अपने मस्ती में मोबाइल देखते एनीकट पार कर गया।

युवक रामचंद्रपुर क्षेत्र का था जो स्वजनों के साथ टेंपो से झारखंड के गोदरमाना बाजार करने आया था। टेंपो आमंत्रण धर्मशाला के सामने खड़ा करके गोदरमाना गया था। जब वह गोदरमाना एनीकट से हो कर गया था तब एनीकट के नीचे से पानी जा रहा था। परंतु दोपहर के बाद नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई और एनीकट की ऊपर से बनी जाने लगा। युवक ने बताया की गोदरमाना बाजार करने के दौरान काफी देर हो गया जिस कारण वह जल्दीबाजी में एनीकट से ही आ गया। जैसे ही युवक एनीकट से आना शुरू हुआ दोनों और देखते-देखते सैकड़ो लोगों की भीड़ उमड़ गई परंतु युवक सबसे बेखबर अपने मस्ती में मोबाइल देखते एनीकट पार कर गया।

बिजली गिरने से किसान की मौत, गांव में पसरा मातम

बलरामपुर-रायपुर | आरएनएस

बलरामपुर रामानुजगंज शनिवार के शाम 4 बजे के करीब रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पीपरोल में बिजली गिरने से घर के अंदर ढाबे में बैठे किसान की मौत हो गई वही घर के बाहर किसान के बैल पर भी बिजली गिरा जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों सौप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीपरोला के गम्हारपारा में रहने वाले किसान श्याम बिहारी गुप्ता पिता स्वर्गीय सुदेश्वर साहू उम्र 55 वर्ष शाम 4 के करीब अपने घर के अंदर ढाबे में थे। इसी दौरान बिजली के गिरने से उनकी स्थिति गंभीर हो गई जिसके बाद उन्हें रामानुजगंज 100 बिस्तर अस्पताल लाया गया।

परंतु इसी दौरान उनकी मौत हो गई। बिजली गिरने से मृतक किसान श्याम बिहारी के घर के बाहर बैल की भी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष संजय गुप्ता भी 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचे उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त किया। घटना पर पुलिस ने मार्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम का शव परिजनों को सौंप दिया। किसान की बिजली से मौत की खबर गांव में फैलते ही मातम पसर गया।

नेशनल लोक अदालत: दोनों पक्ष सहमत हो तो राजीनामा के मुकदमा का 13 जुलाई को करा सकते हैं रफादफा

सारंगढ़ बिलाईगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई 2024 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया है, जिसमें सिविल और राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन सम्बन्धी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकदमा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छो,टे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे। विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 जुलाई को खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण सम्बन्धी, सुखाधिकार सम्बन्धी, विक्रयपत्र, दानपत्र, वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे।

यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई 2024 में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकदमा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबन्ध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है। अधिक जानकारी हेतु जिला विधिक प्राधिकरण, सिविल और राजस्व न्यायालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

नौकरशाहीद में बड़े फेरबदल की सूचना

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ प्रदेश नौकरशाही में बड़े फेरबदल की सूचना है। कई वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के प्रभार में बदलाव की तैयारी चल रही है। माना जा रहा है कि विष्णुदेव साय सरकार की इस माह होने वाली कैबिनेट की बैठक कई अधिकारियों के लिए अंतिम हो सकती है। इसके बाद कई वरिष्ठ अफसरों की कुर्सी में बदलाव हो सकता है।

आईएएस : सूत्रों के मुताबिक 1989 बैच के आईएएस और मौजूदा चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन के स्थान पर 1994 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज पिंगुआ नए चीफ सेक्रेटरी बनाये जा सकते है।

आईपीएस : 1989 बैच के मौजूदा डीजीपी अशोक जुनेजा के स्थान पर भी नए पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति हो सकती है। जुनेजा लगभग 2 वर्ष पहले ही रिटायर हो चुके है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 2 वर्षों तक के लिए उनका कार्यकाल बढ़ाया था। बताते है कि अगले माह उनका कार्यकाल ख़त्म हो रहा है। हालांकि संविदा नियुक्ति की तर्ज पर नियमों के तहत राज्य सरकार कभी भी उनका कॉन्ट्रेक्ट ख़त्म कर सकती है। जानकारी के मुताबिक डीजीपी पद की नियुक्ति के लिए गृह विभाग ने डीपीसी कर 'नए पुलिस मुखिया' का रास्ता साफ़ कर दिया है। वरिष्ठता क्रम में 1992 बैच के आईपीएस अरुणदेव गौतम, 1994 बैच के हिमांशु गुप्ता और इसी बैच के आईपीएस एसआरपी कल्लूरी का नाम शामिल बताया जाता है, जबकि 1994 के पवन देव के खिलाफ विभागीय जांच लंबित होने के चलते वे डीजीपी की रेस से बाहर हो गए है।

आईएफएस : सूत्र यह भी बताते है कि 1990 बैच के आईएफएस और मौजूदा पीसीसीएफ निवास राव की भी छुट्टी हो सकती है। उनके खिलाफ कैम्पा फण्ड के दुरूपयोग सहित कई गंभीर शिकायते लंबित है। कैम्पा फंड में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आने के बाद प्रधानमंत्री कार्यलय ने भी जांच के निर्देश दिए थे।

आधा दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ और योग्य अधिकारियों की श्रेष्ठ कार्यप्रणाली के बावजूद काफी जूनियर निवास राव को वन विभाग का मुखिया बनाया गया था। इस राजनैतिक फैसले से वन विभाग का कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है, निवास राव की जगह, वन विभाग में वरिष्ठ आईएफएस सुधीर अग्रवाल की नियुक्ति पीसीसीएफ के पद पर की जा सकती है। कलेक्टोरेट बलौदाबाजार आगजनी कांड में वन विभाग की भूमिका भी सामने आई थी। इस मामले में कांग्रेस के कुछ नेताओं की भी संलिप्तता भी सामने आई थी। मामले की जांच जारी है। इसके साथ ही नई तबादला नीति पर भी कैबिनेट की मुहर लग सकती है। 15 जुलाई से ट्रांसफर की झड़ी लगने के आसार है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

आजादी की लड़ाई में जनजातीय समाज का महत्वपूर्ण योगदान - मुख्यमंत्री साय

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज भाटापारा नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में आदिवासी गोंड़ समाज माँ मांवली महासभा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक भवन लोकार्पण एवं रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में शामिल हुए। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। साय ने सम्मेलन में आदिवासी समाज के सामाजिक भवन के आहता निर्माण हेतु 22 लाख रूपये, वहां तक सीसी रोड के लिए 25 लाख रूपये की घोषणा की है। साथ ही गुर्रा से जोगीद्वीप मेला स्थल तक सडक़ निर्माण हेतु 1 करोड़ 30 लाख रूपये की घोषणा की। उन्होंने इसके अतिरिक्त तरेंगा से दौरेंगा तक सडक़ निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य मंच से प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 हितग्राहियों को घर की चाबी, 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 4 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र एवं समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया। इस दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरम लाल कौशिक, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पिंकी ध्रुव, लच्छूराम कश्यप, समाज प्रमुख बंशीलाल नेताम, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित रहे। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जनजातीय गौरव की भावना को सुदृढ़ बनाने के लिए हर साल 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत की। इसके साथ ही रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक जबलपुर में तैयार कराया गया है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जनजातीय समाज से हैं। उनका इस सर्वोच्च पद में आसीन होना जनजातीय समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज एकजुट होकर और शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। किसी भी क्षेत्र में तरक्की करना है, तो शिक्षा जरुरी है। उन्होंने युवाओं को नशापान से दूर रहने की नसीहत देते हुए कहा कि नशापान से युवा गुमराह हो रहे हैं। उन्हें सही दिशा में अपनी ऊर्जा और क्षमता लगाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किये गए वायदे को तेजी से पूरा कर रही है। हमने धान के बकाया बोनस की राशि, 3100 रुपये मे धान खरीदी और एक मुश्त राशि किसानों क़े खाते में राशि अंतरित किया है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 70 लाख महिलाओं क़े खाते में हर महीना एक हजार रूपये दिया जा रहा है। राम भक्तों को रामलला क़े दर्शन क़े लिए रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में एक पेड़ माँ क़े नाम लगाने का आह्वान किया है। उनके आह्वान को पूरा करने हम सभी को प्रयास करना है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सभी अपने माँ क़े नाम से माँ के साथ एक पेड़ जरूर लगाएं।